## तनाव प्रबंधन कार्यशाला का हुआ आयोजन



**बड़वानी।** भगवान बिरसा मुंडा शासकीय महाविद्यालय पाटी में प्राचार्य के मार्गदर्शन में तनाव प्रबंधन विषय पर कार्यशाला हुई। यह कार्यक्रम उच्च शिक्षा विभाग और माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित एनटीएफ के विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य संरक्षण के लिए दिए गए दिशा-निर्देशों के अंतर्गत हुई। प्राचार्य डॉ परवेज मोहम्मद ने बताया कि एनटीएफ ने हाल ही में विद्यार्थियों में बढ़ती आत्महत्या की घटनाओं को रोकने उच्च शिक्षा संस्थानों को कई महत्वपूर्ण कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में उक्त कार्यशाला हुई। मुख्य वक्ता एचआईवी काउंसलर शासकीय सामुदायिक चिकित्सालय पाटी कालू सिंह तड़वाल ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद करते हुए बताया कि स्वस्थ जीवनशैली ही तनाव प्रबंधन की कुंजी है। एचआईवी/एड्स के बारे में सटीक जानकारी देकर जागरूक किया। प्राचार्य ने कहा कि महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य क्लब का गठन किया है और परिसर को नशा-मुक्त एवं रैगिंग मुक्त क्षेत्र घोषित किया है। संचालन प्रो दिनेश ब्राह्मणे ने किया। इस दौरान प्रो जया न्यावत, प्रो राजू ओसारी, डॉ भारत सिंह चौहान तथा विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम में जगदीश कनसिंह, विक्रम, शिवजी और सखाराम ने भी सहयोग दिया।

## मुस्कान अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम



**पानसेमल।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार जिले में मुस्कान जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में एसपी जगदीश डावर के निर्देशन में एवं एएसपी धीरज बब्बर के मार्गदर्शन में पुलिस टीम द्वारा शासकीय कन्या स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी शुरुआत छात्राओं को सुरक्षा, आत्मविश्वास, उनके अधिकारों और दैनिक जीवन में सावधानी अपनाने के तरीकों की जानकारी देने से हुई। थाना प्रभारी निरीक्षक मंशाराम वगेन ने बालिकाओं को स्वयं की सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने, किसी भी प्रकार की अनुचित स्थिति में तुरंत परिजनों या पुलिस को सूचना देने तथा भयमुक्त होकर अपनी बात रखने के महत्व पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। छात्राओं से सम्बंधित कई महत्वपूर्ण विषयों, गुड टच बेड टच, साइबर सुरक्षा, आत्मरक्षा, बाल अधिकार, किशोरावस्था स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य को सरल उदाहरणों और व्यवहारिक तरीकों के साथ समझाया गया। छात्राओं ने प्रश्न पूछे जिनका पुलिस ने समाधान किया। अंत में सभी छात्राओं को हैल्पलाइन नंबरों और जरूरी सुरक्षा उपायों के बारे में समझाते हुए जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया। प्रिंसिपल सरिता धार्वे, संस्था प्रमुख संजय कुमार शिरोडे व अन्य मौजूद थे।

# ठंड में बदली मंदिरों की दिनचर्या, भगवान को गर्माहट देने खास जतन

### गुनगुने जल से किया जा रहा अभिषेक, लगाए जा रहे गर्म तासीर वाले भोग और पहनाए जा रहे ऊनी और गरम वस्त्र, ओढ़ा रहे कम्बल

**बड़वानी, ( नवभारत )।** शहर में तापमान लगातार गिर रहा है और नवंबर माह की ठिठुरन अब श्रद्धा व आस्था से जुड़े स्थलों पर भी प्रभाव दिखा रही है। शीत ऋतु की शुरुआत के साथ ही प्रमुख मंदिरों में भगवान की दिनचर्या में विशेष परिवर्तन किए हैं। आरती, भोग, प्रसादी से लेकर शयन व्यवस्था और वस्त्रधारण तक हर सेवा में ठंड के अनुसार बदलाव किया गया है। जिससे मंदिरों का वातावरण भक्तिमय और सौम्य दिखाई दे रहा है।

सर्दी बढ़ने के साथ अब प्रभु का अभिषेक गुनगुने जल से किया



जा रहा है। सुबह से लेकर रात्रि तक भगवान को गर्म कपड़े, शाल और कंबल पहनाए जा रहे हैं। शयन आरती के बाद प्रतिमाओं को रजाई ओढ़ाकर विश्राम कराया जाता है। भगवान को ऐसे पकवानों का भोग लगाया जा रहा है, जो शरीर को ऊष्मा प्रदान करते हैं। इस व्यवस्था को देखकर श्रद्धालुओं में भी विशेष



आस्था का भाव जागृत हो रहा है।

श्रीराम कृष्ण, सत्यनारायण, योगमाया, लक्ष्मीनारायण, शनैश्चर साईं मंदिर, लक्ष्मी माता, श्री सांवरिया सेठ मंदिर व अन्य मंदिरों की दिनचर्या में आंशिक परिवर्तन किया है। योगमाया मंदिर के पुजारी पंडित नवीन शर्मा बताते हैं कि धार्मिक मान्यता अनुसार भगवान को भी ऋतु परिवर्तन का अनुभव होता है। इसलिए शीत ऋतु में सेवाए भोग और वस्त्रधारण में बदलाव करना सदियों से चली आ रही परंपरा है।

इंद्र भवन स्थित श्रीराम कृष्ण मंदिर के पुजारी पंडित पंकज शुक्ला ने बताया कि सुबह 11 बजे राजभोग में गुड़-मूंगफली की पट्टी व ड्राई फ्रुट लड्डू जैसे गर्म तासीर वाले खाद्य पदार्थ चढ़ाए जा रहे हैं। साईं मंदिर में भक्तों की सुविधा और गर्भगृह की गर्माहट बनाए रखने के लिए अलाव भी जलाई जा रही है। पं पंकज शुक्ला ने बताया इंद्रभवन स्थित भगवान श्रीराम व कृष्ण का अभिषेक गुनगुने जल से कर पंचामृत स्नान कराया जाता है। सुबह 6.30 बजे मंगला आरती और शाम 6.30 बजे संध्या आरती का समय निर्धारित किया है, शयन आरती रात 10 बजे होती है। ठंड को देखते हुए समय में परिवर्तन किया गया है।

रानीपुरा स्थित मां लक्ष्मी माता मंदिर के पुजारी पंडित राहुल शुक्ला ने बताया कि भले आरती के समय में बदलाव नहीं किया गया है, लेकिन देवी-देवताओं को गर्म वस्त्र, शाल और कंबल पहनाने की व्यवस्था की गई है। वहीं कसरावद बायपास स्थित सांवरिया सेठ मंदिर के पुजारी राजेश वैष्णव ने बताया कि ठाकुरजी को ट्यूबवेल के गुनगुने पानी से स्नान कराया जाता है तथा सुबह और रात 10 बजे के बाद उन्हें कंबल ओढ़ाया जाता है।

**चली आ रही परम्परा**

- शीत ऋतु में सदियों से चली आ रही है परम्परा।
- राजभोग में चढ़ाए जा रहे गर्म तासीर वाले खाद्य पदार्थ।

# अवैध हथियार फैक्ट्री पर दबिश, 7 धराए

**सेंधवा,** वरला थाना क्षेत्र के उमर्टी में शनिवार पुलिस ने अवैध हथियार बनाने वाली बड़ी फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। यह कार्रवाई मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र की टीम ने सुबह 4 बजे दबिश देकर की। अभियान में दोनों राज्यों के 250 से अधिक पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुणे पुलिस, मध्य प्रदेश एटीएस, बड़वानी, खरगोन व खंडवा पुलिस की टीमें इस कार्रवाई में मौजूद थी।

पुलिस को मौके से हथियार निर्माण में उपयोग होने वाली भारी मात्रा में सामग्री, मशीनें, औजार व उपकरण बरामद हुए। कई अधबने कट्टे और पिस्टल भी मिले हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जब्त सामग्री से लगभग 500 से अधिक अवैध हथियार तैयार किए जा सकते थे। यह फैक्ट्री जंगल और पहाड़ी क्षेत्र की आड़ में लंबे समय से संचालित हो रही थी।

एसपी जगदीश डावर ने बताया कि पुलिस को लगातार शिकायतें मिल रही थी, जिसके बाद टीम ने कई दिनों तक क्षेत्र में गुप्त निगरानी की। पुख्ता इनपुट मिलने के बाद शनिवार सुबह संयुक्त ऑपरेशन चलाया गया।



उन्होंने अवैध हथियार तस्करों पर अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई बताया। बरामद हथियारों और उपकरणों की जांच फोरेंसिक टीम करेगी। साथ ही यह भी पता लगाया जाएगा कि हथियार किन जिलों व राज्यों में सप्लाई किए जा रहे थे।10 से अधिक संदिग्धों को हिरासत में लिया है। पुलिस का मानना है कि यह नेटवर्क कई जिलों में फैला हो सकता है और इसके पीछे एक संगठित गिरोह सक्रिय है। टीम अब जब्त मोबाइल फो, दस्तावेजों और कॉल डिटेल्स के आधार पर पूरे नेटवर्क की कड़ियां तलाश रही है। आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां होने की संभावना जताई जा रही है।एसपी ने बताया महाराष्ट्र पुलिस 7 आरोपियों राजपालसिंह पिता प्रधानसिंह उम्र 35 साल नि उमर्टी, नानक पिता अजितसिंग उम्र 31 साल नि उमर्टी, गुरूचरणसिंग पिता आवसिंग उम्र 24 साल निउमर्टी, बच्चनसिंग पिता दिवानसिंग उम्र 37 साल नि उमर्टी, जशवीर पिता प्रकाश सिंग उम्र 22 साल नि उमर्टी प्रविण पिता उत्तमसिंग टकराना उम्र 29 साल नि उमर्टी एवं अलोकसिंग पिता जोहरसिंग उम्र 27 साल नि उमर्टी को पकड़ कर ले गई।

## खाद का किया वितरण

**बड़वानी।** किसानों द्वारा की जाने वाली बोनी को देखते हुए सोसायटी के खाद प्रभारी मोहम्मद नबी शेख ने चौथे शनिवार अवकाश के बावजूद किसानों को खाद वितरित किया। इस कार्य वितरण प्रणाली को देखते हुए भाकिसं ने आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने सभी सोसायटियों और डबल लॉक केंद्र से अनुरोध किया है कि वो भी किसान हित में कार्य करे। इस दौरान संभागीय सदस्य लक्ष्मण हम्मड़, जिला मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश काग, जिला युवा वाहिनी सदस्य संतोष काग व अन्य मौजूद थे।



# निवाली पुलिस ने की प्रभावी कार्रवाई

**नवभारत न्यूज़**
**निवाली, 22 नवम्बर**

पुलिस द्वारा आरटीओ बैरियर खेतिया रोड़ तलाई पर नाकाबंदी के दौरान एक सफेद रंग का सुपर कैरी छोटा हाथी वाहन क्रं. एमपी-46-ज़ेडएफ-2232 को रोक कर चेक किया गया, जिसमें सेंधवा की ओर से निवाली होकर खेतिया मार्ग से महाराष्ट्र की तरफ अवैध रूप से क्रूरतापूर्वक ठुंस-ठुंसकर भरे 4 नग गौवंश परिवहन किया जा रहा था। सूचना की तस्दीक पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तथा वाहन में मौजूद दोनों आरोपियों दिलीप पिता राजाराम बड़ोले



निवासी मोरसिंग्या व अजय पिता भगवान डावर निवासी जुलवानिया को मौके से पकड़ा।

वाहन के केबिन व बॉडी में से गौवंश, 1 नीले रंग की नेट जिसकी कोनों पर पीली पट्टी लगी थी, 3 लकड़ी के पटिये, 1 लोहे का फालका, 1 बड़ा रस्सा, 4 रस्सी के टुकड़े तथा 1 ओप्पो कंपनी का मोबाईल जियो सिम सहित को पंचायतन के समक्ष विधिवत जब्त किया। जिसकी अनुमानित कीमत 644000 पाई गई। एसपी जगदीश डावर के निर्देश में एएसपी धीरज बब्बर व एसडीओपी राजपुर आयुष अलावा के मार्गदर्शन में पुलिस ने कार्रवाई की, प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

**इनकी रही भूमिका**

कार्रवाई में उप निरीक्षक आरके लौवंशी, सउनि कमलेश कुशवाह, प्रआर कमल डावर, आर रवी जाधव, आर सुमेर सिंह जामोद, आर अनिल किराड़े की भूमिका रही।

**एक नजर में**

## हॉस्टल छात्रों से लसूड़िया पुलिस का संवाद



इंदौर. युवा वर्ग को नशे और अनुशासनहीन गतिविधियों से बचाने के लिए लसूड़िया पुलिस ने हेलो वर्ल्ड हॉस्टल में छात्रों के साथ जागरूकता बैठक कर सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी. वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर लसूडिया थाना प्रभारी ने हेलो वर्ल्ड हॉस्टल में छात्र-छात्राओं के साथ जागरूकता बैठक आयोजित की. बैठक में युवाओं को नशे से दूर रहने, किसी भी प्रकार की अव्यवस्थित या जोखिमपूर्ण गतिविधि में शामिल न होने और नशे की हालत में वाहन न चलाने के लिए प्रेरित किया. थाना प्रभारी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि परिवार उन्हें बड़े सपनों और भरोसे के साथ पढ़ाई के लिए भेजता है, ऐसे में उनकी जिम्मेदारी है कि वे अनुशासन का पालन करते हुए अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहें. उन्होंने कहा कि युवावस्था ऊर्जा और संभावनाओं से भरी होती है, जिसे सही दिशा मिले तो भविष्य संवरता है. बैठक में छात्रों को मेहनत, जिम्मेदारी और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की सलाह दी गई. साथ ही उन्हें यह भी समझाया गया कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या परिस्थिति की जानकारी तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके. इस अवसर पर लसूडिया थाना प्रभारी, द्वितीय अधिकारी नीतू सिंह और बीट स्टाफ मौजूद रहा.

## फरार युवक आखिर पुलिस के हत्थे चढ़ा



इंदौर. हत्या के प्रयास सहित गंभीर धाराओं में नामजद और घटना के बाद से लगातार ठिकाने बदलकर भाग रहा आरोपी हीरानगर पुलिस की पकड़ में आ गया. पुलिस पिछले कई महीनों से उसकी लोकेशन ट्रेस कर रही थी, पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है. हीरानगर थाना प्रभारी को भी लंबित मामलों में फरार आरोपियों को पकड़ने के निर्देश दिए गए थे. कार्रवाई को आगे बढ़ाते हुए थाना स्टाफ ने हत्या के प्रयास के मामले में काफी समय से पुलिस से बचता फिर रहा संजू उर्फ संजू चौधरी को गिरफ्तार कर लिया. थाना प्रभारी सतीश पटेल ने बताया कि आरोपी 23 वर्षीय संजू पिता बलवीर चौधरी, निवासी ग्राम पन्नापुरा, तहसील लहार, जिला भिंड, हाल गौरीनगर खातीपुरा इंदौर, पर कई धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज है. घटना के बाद से वह लगातार लोकेशन बदलते हुए फरारी काट रहा था, जिससे पुलिस को उसे ट्रेस करने में समय लगा. हीरानगर पुलिस ने आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की. प्रारंभिक पूछताछ में उसने फरारी के दौरान बदले गए ठिकानों और इस अवधि में मदद करने वालों के बारे में जानकारी देना शुरू कर दिया है. पुलिस अब उसके सहयोगियों की भूमिका की भी जांच कर रही है.

## कलेक्टर ने पांच बदमाशों को किया जिलाबदर

इंदौर. कलेक्टर शिवम वर्मा ने इंदौर जिला अन्तर्गत ग्रामीण थाना क्षेत्रों में आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाँच अपराधियों को 6 माह के लिये जिलाबदर कर दिया है. जिन अपराधियों को जिलाबदर किया गया है उनमें अनिल पिता अर्जुन बारिया, निवासी ग्राम आडा पहाड जिला इंदौर, एहमद उर्फ अहमद पिता मजीद दरबारी निवासी पत्ती बाजार महू, इमरान पिता अनवर खटखट निवासी बंडा बस्ती महू, संजू उर्फ संजय पिता लीलाधर पवार निवासी ग्राम बाबल्या खेड़ी जिला इंदौर और लक्की उर्फ कल्ली पिता लेखराज वर्मा निवासी संजय गांधी कालोनी महू शामिल हैं. इनमें से महू के आरोपी एहमद और इमरान के विरूद्ध घर में घुसकर तोड़फोड़ करने, घातक हमला करने, साम्प्रदायिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने, दंगा करने सहित गंभीर अपराध दर्ज हैं, इसी तरह अन्य आरोपियों अनिल बारिया, संजू पंवार, लक्की वर्मा के विरूद्ध भी मारपीट, जान से मारने की धमकी देने, हथियार का उपयोग करने एवं लोगों का रास्ता रोककर अवैध वसूली करने, राहगीरों को धमकाने, महिलाओं से अभद्र व्यवहार, शराब पीकर उपद्रव जैसे कई संगीन मामलों में प्रकरण पंजीबद्ध हैं.

# बेतरतीब यातायात से पाटनीपुरा चौराहे पर लगा जाम

- वाहन हुए गुत्थमगुत्था, चालक और राहगीर हुए परेशान

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** शहर की सड़कों पर बढ़ते अव्यवस्थित ट्रैफिक का मामला पाटनीपुरा चौराहे पर देखने को मिला, जहां वाहन चालकों की मनमानी और संकेतकों की अनदेखी के कारण जाम लग गया. नियम तोड़ने की इस होड़ में चौराहा अनिश्चितकालीन जाम के मुहाने में तब्दील हो गया.



चित्र- राजकुमार जैन ( यातायात प्रबंधन मित्र)

शहर के सबसे व्यस्त माने जाने वाले पाटनीपुरा चौराहे पर शुक्रवार शाम ऐसा दृश्य देखने को मिला. लाइन पर चलने की बजाय आगे निकलने की होड़, रेड सिग्नल पर वाहन रोकने की बजाए उसे पार करने की जल्दबाज़ी और किसी भी दिशा से घुसने की मंशा ने चौराहे की पूरी लय बिगाड़ दी. यही वजह रही कि कुछ ही मिनटों में हालात इस कदर बिगड़े कि चारों ओर से वाहन एक-दूसरे के सामने आ खड़े हुए. किसी को निकलने की जगह नहीं मिली तो किसी ने जगह देने की कोशिश नहीं की. नतीजतन चौराहा धीरे-धीरे ऐसे जाम से भर गया, मानो अनिश्चित काल तक वहीं थम जाने वाला हो. ट्रैफिक पुलिस को भारी मशक्कत कर मार्ग को सुचारू करना पड़ा, लेकिन यह तस्वीर यह भी बता गई कि यदि नियमों की अनदेखी और जल्दबाज़ी की यही प्रवृत्ति जारी रही, तो शहर की सड़कें और चौराहे इसी तरह अपनी ही अव्यवस्था के बोझ से जाम के स्थायी केंद्र बनते जाएंगे.

# दवा बाजार में घायल मिले निगमकर्मी की एमवाय में मौत

**इंदौर .** तीन दिन पहले दवा बाजार क्षेत्र में बेसुध अवस्था में मिले नगर निगम के कर्मचारी की गुरुवार देर रात अस्पताल में मौत हो गई. परिजन सूचना न मिलने पर सवाल उठा रहे हैं. मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच कर रही है.

दवा बाजार इलाके में घायल अवस्था में मिले नगर निगम के स्थायी कर्मचारी 65 वर्षीय राजेंद्र गौसर की गुरुवार रात एमवाय अस्पताल में मौत हो गई. तीन दिन पहले उन्हें गंभीर हालत में वहाँ भर्ती कराया गया था. पुलिस ने मर्ग कायम कर मौत के कारणों की जांच शुरू कर दी है. राजेंद्र गौसर निवासी शंकरबाग थे और नगर निगम की कचरा गाड़ी पर कार्यरत थे. उनके पुत्र नितिन, जो यूनिवर्सिटी में कर्मचारी हैं, ने बताया कि घटना वाले दिन जब पिता घर नहीं लौटे तो उन्होंने आसपास पूछताछ की, लेकिन कहीं से कोई जानकारी नहीं मिली. पुलिस से पूछने पर भी उस समय कोई सुराग नहीं मिला. कुछ देर बाद उन्हें सूचना मिली कि दवा बाजार में कोई व्यक्ति घायल अवस्था में पड़ा है. मौके पर पहुँचने पर वह उनके पिता ही निकले. उनके सिर पर चोट के निशान थे, जिसके चलते उन्हें तत्काल एमवाय अस्पताल ले जाया.

# 60 ग्राम से अधिक एमडी ड्रग्स के साथ तस्कर गिरफ्तार

- करीब 6 लाख का माल जब्त, पुलिस कर रही पूछताछ

**नव भारत न्यूज**

इंदौर. क्राइम ब्रांच ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत माल गोदाम क्षेत्र से एक तस्कर को दबोचा. आरोपी के पास से लगभग 60 .08 ग्राम एमडी बरामद हुई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब छह लाख रुपए बताई जा रही है.

शहर में नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस आयुक्त के निर्देश पर क्राइम ब्रांच ने लगातार कार्रवाई तेज कर रखी है. इसी क्रम में टीम ने लक्ष्मीबाई नगर स्थित



माल गोदाम कार्यालय के पास से संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर एक युवक को पकड़ा. पुलिस को देखकर घबराए इस युवक की तलाशी लेने पर उसके पास से 60 .08 ग्राम अवैध मादक पदार्थ 'एमडी' बरामद हुआ. पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम कुलदीप मेघवाल, निवासी झालावाड़ (राजस्थान) बताया. वह पेशे से पेंटर है और पांचवीं तक पढ़ा है. पकड़े जाने के दौरान उसने भागने की कोशिश भी की, लेकिन टीम ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। बरामद एमडी की अंतरराष्ट्रीय कीमत लगभग 6 लाख रुपए आंकी गई है. आरोपी ने बताया कि वह सस्ते दामों पर मादक पदार्थ खरीदकर शहर में नशे के आदी लोगों को अधिक दामों पर बेचता था. क्राइम ब्रांच ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है. एडीसीपी राजेश दंडोतिया का कहना है कि शहर में मादक पदार्थों की आपूर्ति करने वालों की पहचान कर लगातार दबिश दी जा रही है.

# ट्रैफिक पुलिस ने 1300 वाहनों के बनाए चालान

- बिना नंबर प्लेट, तीन सवारी व मॉडिफाइड साइलेंसर वाली गाड़ियों पर कार्रवाई

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. कोतवाली चौक पर यातायात पुलिस महू की विशेष कार्रवाई में बिना नंबर प्लेट वाले दोपहिया, तीन सवारी और मोडिफाइड साइलेंसर लगी बुलेट गाड़ियों पर सख्त चेकिंग की गई. दस्तावेज़ सत्यापन से लेकर साइलेंसर जब्ती तक एक ही अभियान में 13 चालान बनाए.**

पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीमती यांगचेन डोलकर भूटिया के निर्देश पर महू ट्रैफिक पुलिस ने कोतवाली चौक क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान



चलाया. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रूपेश द्विवेदी और डीएसपी ट्रैफिक नितिन सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस अभियान का फोकस सड़क सुरक्षा के लिए जोखिम पैदा करने वाले वाहनों पर था. जांच के दौरान दोपहिया वाहनों के दस्तावेज़, नंबर प्लेट, रजिस्ट्रेशन और वाहन मालिक की पहचान की गहन पड़ताल की गई. नियम विरुद्ध तीन सवारी चलाने वालों और बिना नंबर प्लेट दौड़ रही बाइक को रोककर मौके पर चालान किया. इसके अलावा बुलेट मोटरसाइकिलों में लगाए गए मोडिफाइड साइलेंसर जब्त कर उनके चालकों पर भी कार्रवाई की गई. पूरी कार्रवाई के दौरान कुल 13 वाहनों के चालान बनाए गए. यातायात पुलिस ने कहा कि ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे, ताकि मुख्य मार्गों पर शोर प्रदूषण, अवैध मॉडिफिकेशन और अनुशासनहीन वाहन संचालन पर लगाम लगाई जा सके. अगर चाहें तो इसे और अधिक संक्षिप्त या फिर लीड न्यूज़ फॉर्मेट में भी री-ड्राफ्ट कर सकता हूँ.

**एक नजर में** यातायात विभाग फिर कर रहा अनदेखी, हो सकती है बड़ी दुर्घटना

# शहर के कई मार्गों पर जारी है भारी वाहनों का प्रवेश



इंदौर. पुलिस-प्रशासन की लापरवाही इतनी बढ़ चुकी है कि अब सर्वोच्च एवं उच्च न्यायालय कुछ खास मामलों में स्वत: संज्ञान लेने लगी है. फिर भी नौकरशाही के कान में जू तक नहीं रेंग रही. आज भी शहर के कई मुख्य मार्गों पर भारी वाहनों का प्रवेश जारी है. हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा शहर के स्ट्रीट डॉग पर अदेश जारी किया था. इसके बाद अब उच्च न्यायालय ने शहर के बेलगाम यातायात पर अधिकारियों को तलब कर लिया. ऐसी ख़बरों से यह लग रहा है कि आराम करने वाले अधिकारियों के बुरे दिन आ चुके है या यूं कहे कि लापरवाही की अब हद हो चुकी है. भारी वाहनों से बढ़ती दुर्घनाओं से यातायात विभाग आज भी सबक नहीं सिख रहा है. वह सिर्फ अपने टारगेट को पूरा करने में लगा रहता है जबकि भारी वाहनों का प्रवेश निषेध होने के बावजूद ले-दे कर उन्हें छोड़ा जा रहा और यहां घोर लापरवाही है.

### इनका कहना है ...



अब ऐसा तो नहीं हो सकता कि हर बात के लिए आज जनता न्यायालय की शरण में जाए. यह तो संबंधित विभाग को चाहिए कि वह अपने कार्य में लापरवाही न करें.

– रेहान खान



पिछले कुछ वर्षों से शहर की सड़कों पर यातायात का भार अधिक बढ़ रहा है लेकिन इसके मुताबिक विभाग का अमला आज भी कम पड़ता है जो अव्यवस्था का मुख्य कारण है.

– विपिन शर्मा



लापरवाही और नियमों की सख्ती की जाए तो लगभग सड़क दुर्घनाओं में बड़ी कमी आएगी. भारी वाहनों के प्रवेश के लिए आज तक नीति नहीं बनाई गई जो बड़ी लापरवाही है.

– नवीन भाटिया